Important Questions Class 8 Hindi Chapter 1 अहमदनगर का किला

प्रश्न 1. इस पाठ में किसकी कौन-सी यात्रा का वर्णन किया गया है?

उत्तर: इस पाठ में पं. जवाहरलाल नेहरू की नौवीं जेल-यात्रा का वर्णन किया गया है। यह जेल अहमदनगर जिले की थी।

प्रश्न 2. इस जेल में आए नेहरू जी को कितना समय हुआ था?

उत्तर: ‘इस जेल में आए नेहरू जी को बीस महीने से भी अधिक का समय हुआ था।

प्रश्न 3. अहमदनगर के किले का चाँद नेहरू जी को क्या याद दिलाता था?

उत्तर: अहमदनगर के किले का चाँद नेहरू जी को याद दिलाता था कि उनके जेल का एक महीना और बीत गया है तथा अँधेरे के बाद उजाला होता है।

प्रश्न 4. किले की जेल में लेखक ने क्या काम शुरू कर दिया?

उत्तर: नेहरू जी ने अहमदनगर के किले की जेल में दूसरी जेलों की तरह बागवानी का कार्य शुरू कर दिया। वह प्रतिदिन तपती धूप में कई घंटे फूलों की क्यारियाँ बनाते थे।

प्रश्न 5.यहाँ की मिट्टी कैसी थी?

उत्तर: अहमदनगर के किले की मिट्टी बहुत खराब थी। यहाँ की मिट्टी पथरीली, पुराने मलबे और अवशेषों से भरी हुई थी।

प्रश्न 6. अहमदनगर के किले के साथ कौन-सी कहानी जुड़ी हुई है?

उत्तर: अहमदनगर के किले के साथ चाँदबीवी नामक एक सुंदर महिला के साहस की कहानी जुड़ी हुई है। उसने इस किले की रक्षा के लिए अकबर की शाही सेना के विरुद्ध तलवार उठाकर अपनी सेना का नेतृत्व किया था।

प्रश्न 7. खुदाई में नेहरू जी को क्या मिला?

उत्तर: खुदाई के दौरान नेहरू जी को जमीन की सतह के बहुत नीचे दबे हुए प्राचीन दीवारों के हिस्से, कुछ गुंबदों और इमारतों के ऊपरी हिस्से मिले।

प्रश्न 8. अतीत का दबाव कैसा होता है?

उत्तर: अतीत का दबाव अच्छा हो या बुरा, दोनों ही रूपों में अभिभूत करता है। कभी-कभी यह दबाव दम-घोंटू भी होता है। खासकर उन लोगों के लिए जिनकी जड़ें बहुत पुरानी सभ्यताओं में होती हैं।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 9. लेखक किस-किसका वारिस है?

उत्तर: लेखक उन सबका वारिस है जिसे मानवता ने हजारों सालों में हासिल किया है। वह मानवता की विजयों, पराजयों, साहसिक कार्यों आदि का उत्तराधिकारी है।

प्रश्न 10. लेखक क्या अनुभव करता है?

उत्तर: लेखक यह अनुभव करता है कि वह मानवता की विशिष्ट विरासत को लिखना तो चाहता है, पर विषय कीजटिलता और कठिनता उसे भयभीत करती है। उसे लगता है कि वह इस विषय को केवल सतही तौर पर ही छू सकेगा।

प्रश्न 11. जवाहरलाल नेहरू स्वतंत्रता आंदोलन के समय कितनी बार जेल गए थे और अहमदनगर के किले में वे कितने महीने बंदी रहे थे?

उत्तर- जवाहरलाल नेहरू स्वतंत्रता आंदोलन के समय कुल नौ बार जेल गए थे। वे अहमदनगर के किले में बीस महीने से भी अधिक समय तक बंदी रहे थे।

प्रश्न 12. अहमदनगर के किले के साथ कौन-सी ऐतिहासिक घटना जुड़ी हुई है?

उत्तर- अहमदनगर के किले के साथ एक सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक घटना जुड़ी हुई है। इस किले के साथ चाँद बीबी की बहादुरी एवं उसकी मृत्यु की घटना जुड़ी हुई है। चाँद बीबी ने स्वयं तलवार उठाकर अकबर की शाही सेना का मुकाबला करके इस किले की सुरक्षा की थी। किंतु अंत में चाँद बीबी की हत्या उसके अपने ही एक आदमी ने कर दी थी।

प्रश्न 13. लेखक को खुदाई में क्या मिला और उसे यह कार्य क्यों रोक देना पड़ा? ।

उत्तर- लेखक को क्यारियों के लिए खुदाई करते हुए ज़मीन.की सतह के बहुत नीचे दबे हुए प्राचीन दीवारों के हिस्से मिले। उन्हें कुछ गुंबदों तथा इमारतों के ऊपरी हिस्से भी दिखाई दिए। वे और अधिक खुदाई करना चाहते थे, किंतु उनके पास अच्छे औज़ार नहीं थे। साथ ही जेल के अधिकारियों ने उन्हें इस कार्य की अनुमति नहीं दी थी। फलस्वरूप नेहरू जी को कार्य रोकना पड़ा था।

प्रश्न 14. कुदाल छोड़कर नेहरू जी ने क्या करना आरंभ किया?

उत्तर- नेहरू जी अपना समय कभी भी व्यर्थ नहीं गँवाते थे। जब उन्हें जेल के अधिकारियों ने खुदाई के कार्य की अनुमति नहीं दी, तो उन्होंने कुदाल छोड़कर कलम उठा ली और लिखने का कार्य आरंभ कर दिया। उन्होंने जो कुछ अनुभव किया था, उसे. वे शब्दों में उतार देना चाहते थे। .

प्रश्न 15. 'अतीत का दबाव' से क्या अभिप्राय है?

उत्तर- अतीत के दबाव से अभिप्राय-अपने बीते हुए समय, अपनी परंपराओं, सभ्यता एवं संस्कृति का अपने ऊपर पड़ने वाला प्रभाव है। इसे हम अपनी विरासत भी कहते हैं, जिसे हम अपने हज़ारों वर्ष के लंबे समय से प्राप्त करते हैं।

प्रश्न 16. लेखक ने क्या लिखने के लिए अपनी कलम उठाई थी?

https://www.evidyarthi.in/

उत्तर- लेखक भारतवर्ष के अतीत के विषय में लिखना चाहता है, जिससे हमारा वर्तमान सही हो सके। लेखक का दृढ़ विश्वास है कि हमारी विरासत में कोई खास बात है जो अद्‌भुत या अनोखी न होकर भी हमारे जीवन में समाई हुई है, जिससे हमारा वर्तमान बना है और भविष्य उज्ज्वल बनने की संभावना है।

https://www.evidyarthi.in/